(ii)	Debarred from sharing for 2 to 3 years and also charged penal rent.	15
(iii)	Cases found anonymous/pseudonymous and where subletting not established.	68
(iv)	Cases under consideration.	39
	Total	148

Lease Terms for Koyali-Ahmedabad Pipelines

27. SHRI YAMUNA PRASAD MANDAL : Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND MINES AND METALS be pleased to state whether the Lease terms for Koyali-Ahmedabad Products Pipelines (of the Oil and Natural Gas Commission) have been settled ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND MINES AND METALS (SHRI D. R. CHAVAN) : Yes.

समयोपरि भत्ते की दरों में कटौती को समाप्त करना

31. **श्री वंश नारायण सिंह :**
श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :

क्या वित्त मंत्री 16 दिसम्बर, 1968 के तारांकित प्रश्न संख्या 755 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत पाकिस्तान संघर्ष में मितव्ययता करने हेतु समयोपरि भत्तो की दरों में की गइ दस प्रतिशत कटौती को अब बहाल करने का विचार है ;

(ख) यदि यह कटौती मितव्ययता की दृष्टि से नहीं की गई थी तो क्या संसद सत्रों के दौरान हिन्दी अनुवादकों तथा हिन्दी सहायकों आदि को विशेषकर तथा अन्य कर्मचारियों को, जिनको कार्यालय में देर तक बैठना पड़ता है, दैनिक भत्ता देने का विचार है जैसा कि संसद-सहायकों को दिया जाता है ;

(ग) यदि नहीं, तो क्या यह सच है कि संसद के सत्रों के दौरान हिन्दी अनुवादकों तथा हिन्दी सहायकों को समयोपरि भत्ते के रूप में 5 रुपये के दैनिक भत्ते की तुलना में अधिक राशि मिलती है; और

(घ) 1969 में संसद के मानसून तथा शरद् कालीन सत्रों के दौरान हिन्दी अनुवादकों तथा हिन्दी सहायकों को कुल कितना समयोपरि भत्ता दिया गया और मंत्रालय-वार उनकी संख्या कितनी है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्र० चं० सेठी) : (क) जी, नहीं । वर्ष 1965 में अतिरिक्त समय भत्ते की दरों में की गई 10 प्रतिशत की कटौती को फिर से बहाल करने का कोई विचार नहीं है, क्योंकि किफ़ायत की जिस आवश्यकता के कारण कटौती की गई थी, वह अभी भी बनी हुई है ।

(ख) ऊपर (क) को देखते हुए, यह प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) चूंकि किसी विशेष दिन कार्यालय के कर्मचारियों तथा समक्ष कर्मचारियों को, जिनमें हिन्दी अनुवादक तथा हिन्दी सहायक भी शामिल हैं । (कन्तु संसद सहायक शामिल नहीं है) मिलने वाले अतिरिक्त समय भत्ते की मात्रा, इस बात पर निर्भर है कि उन्होंने उस दिन काम के निर्धारित घंटों से कितना अधिक समय कार्य किया है, इसलिए अतिरिक्त समय भत्ते की मात्रा उस दिन अतिरिक्त समय में किए गए कार्य के अनुसार 5 रु० से अधिक अथवा कम हो सकती है ।

(घ) सूचना इकट्ठी की जा रही है तथा इकट्ठी होते ही यथासंभव शीघ्र सदन की मेज पर रख दी जायगी ।

केन्द्रीय सरकार के नर्सिंग कालेज में नर्सों का प्रशिक्षण

32. **श्री वंश नारायण सिंह :**
श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :

क्या **स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार के नर्सिंग कालेज में नर्सों के प्रशिक्षण की अवधि क्या है और उसमें प्रवेश पाने के लिए न्यूनतम अर्हता क्या है और एम० बी०बी०एस० प्रशिक्षण की अवधि कितनी है तथा उसमें प्रवेश के लिए न्यूनतम अर्हता क्या है;

(ख) क्या नर्सों के व्यवसाय को सम्मान-नीय बनाने के लिए उनके वेतनमानों को डाक्टरों के वेतनमानों से केवल 20 प्रतिशत कम रखने का प्रस्ताव है ; और

(ग) क्या नर्सों पर डाक्टरों के नियंत्रण को कम करने के लिए, उनमें से कुछेक को अस्पतालों में प्रशासनिक कार्यों में नियुक्त करने का प्रस्ताव है तथा क्या उन्हें उच्च अधिकारियों के समक्ष व्यक्तिगत रूप तथा सामूहिक रूप से शिकायतें दर्ज कराने की अनुमति दी जायेगी ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री व० सू० मूर्ति) : (क) नर्सिंग कालेज, दिल्ली ही एकमात्र केन्द्रीय सर-कारी कालेज है जिसमें नर्सिंग में बी०एस०सी० (आनर्स) पाठ्यचर्या जिसकी अवधि 4 वर्ष है, की व्यवस्था है । उपर्युक्त पाठ्यचर्या में दाखिले के लिए न्यूनतम शैक्षाणिक अर्हताएं उच्च माध्यमिक/इण्टरमीडिएट अथवा इसके समकक्ष (कम से कम 45 प्रतिशत अंकों सहित) है ।

एम० बी० बी० एस० डिग्री में उपस्नातक चिकित्सा पाठ्यचर्या की अवधि 5-1/2 वर्ष है जिसमें एक वर्ष की अनिवार्य रोटेटिंग इंटर्नसिप सम्मिलित है । इस पाठ्यचर्या में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता मैडिकल ग्रुप के विषयों सहित प्री-मैडिकल/आई० एस० सी० अथवा समकक्ष परीक्षा विहित की गई है ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) नर्सों को ऐसे प्रशासनिक पदों में जो-कि उनकी लाइन में नहीं है नियुक्त करने के सम्बन्ध में कोई प्रस्ताव नहीं हैं । यदि उन्हें कोई शिकायत करनी हो तो नर्सें प्रशासनिक अधि-कारी से सुगमतापूर्वक मिल सकती है ।

Trusts under on the Control of Shri Gonka and his Associates

33. **SHRI BHAGABAN DAS :**
SHRI B. K. MODAK :
SHRI JYOTIRMOY BASU :

Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) how many trusts are there under the control of Shri Goenka and his Asso-ciates; and

(b) the full particulars of these trusts including the sphere and areas of operation, types of activities carried on, sources of finance and the names and designation of the trustees ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI P. C. SETHI) : (a) and (b). The full name and